1	2		3
3. जल परिवहन सहित पेयजल का अभाव .	322.10	820.30	1142.40
4. पोषण	429.44	301.17	730.61
5. जन स्वास्थ्य	286.29	280.87	567.16
6. निःशुल्क राहत . . .	9.70	9.70	19.40
7. चारा संबंधी अभाव तथा पशु स्वास्थ्य .	215.30	457.00	672.30
8. सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण .	28.30	—	28.30
कुल	4183.60	4619.76	8803.36

दूरदर्शन में पुरुष और महिला उद्घोषक

1233. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली दूरदर्शन में पुरुष तथा महिला उद्घोषकों की अलग-अलग संख्या कितनी है ;

(ख) क्या यह सच है कि दिल्ली दूरदर्शन में अधिकतर उद्घोषणायें महिला उद्घोषकों द्वारा की जाती है; और

(ग) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० के० तिवारी) : (क) तीन नियमित महिला प्रस्तुतीकरण उद्घोषकों के अलावा, दूरदर्शन केन्द्र, दिल्ली के पैनल में 15 कैजुअल उद्घोषक/कम्पीयर हैं, जिनमें से 12 महिलायें हैं ।

(ख) और (ग) चूंकि महिला उद्घोषक अधिक है, अतः अधिकांश उद्घोषणायें उनके द्वारा की जाती हैं।

राजस्थान में आपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति) के अधीन सहकारी समितियां

1234. **श्री संतोष बागड़ोदिया :** क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में "आपरेशन फ्लड" (श्वेत क्रांति) के अधीन कितनी सहकारी समितियां स्थापित की गयी हैं;

(ख) उपर्युक्त अवधि के दौरान इन समितियों के सदस्यों की संख्या कितनी रही;

(ग) क्या दूध की बिक्री से किसानों की आय में कोई वृद्धि हुई है; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

कृषि मंत्रालय में कृषि और सहकारिता विभाग में राज्य मंत्री (श्री श्याम लाल यादव) : (क) और (ख) पिछले तीन